तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 15 जून 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



16 पिथौरा के 11 आधार ऑपरेटरों पर 9.83 लाख ...





16 नई जेसीबी मशीन की महिला पार्षदों ने पूजा ...





## नीट में प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट का छ.ग. में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने प्रदेश ही नहीं देश में अपना व संस्था का नाम रौशन किया है इस वर्ष पियूष शर्मा 607 अंक लाकर पूरे देश में (जनरल केटेगीर रैंक 968) अपनी एक अलग पहचान बनायी है। अनुराग चौधरी 598 अंक (AIR-1511) कैटेगीरी रैंक 479, मंदीप 590 अंक (AIR-2243) कैटेगीरी रैंक 164, अभिषेक सिंग 578 अंक (AIR-4342) कैटेगिरी रैंक 1653, श्वेता मंडावी 535 अंक कैटेगीरी रैंक 37 इसी तरह अनेक छात्रो ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 500 से अधिक अंक 27 छात्रों ने लाया है और 95 से अधिक छात्रों ने NEET क्वालीफाई किया है सभी छात्रो ने अपनी कड़ी मेहनत संस्था के शिक्षकगणो के मार्गदर्शन, टेस्ट सीरिज व स्टडी मटेरियल को सफलता का सूत्र बताया है।


पियूष शर्मा 607 | अनुराग चौधरी 598 | मंदीप 590

संस्था के डायरेक्टर सभी सफल छात्रो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।


प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट ऐसा इकलौता संस्था है जहाँ SSP भी चलाया जाता है जिसमें चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारण्टी देता है, वो भी लिखित दस्तावेज के साथ।

अन्तिम SSP बैच 18 जून से प्रारंभ हो रही हो जिसका नामांकन प्रकिया प्रारंभ है। छात्र-छात्राओं के रहने के लिए अलग-अलग हॉस्टल व मेस की सुविधा है।

इच्छुक छात्र मो.नं. 8319571812, 7880168887 में सम्पर्क कर सकते है। यह संस्था शॉप नं. 178 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई में स्थित है।

ADVT.


### खबर संक्षेप



#### शिक्षक की बाइक चोरी

**महासमुंद।** ईडब्लूएस हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में होने वाले शिक्षक की बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को कमलेश कुमार पटेल ने बताया कि वह ब्लाक नं 8 मकान नं 102 ईडब्लूएस कालोनी हाउसिंग बोर्ड के प्रथम फ्लोर मचेवा महासमुंद में रहता है और प्राशा नांदगांव में शिक्षक है। 10 जून की रात 8 बजे उसने ग्राउंड फ्लोर में अपनी मोटर सायकल होंडा सीबी शाइन क्र सीजी 06 जीआर 1287 को लॉक कर खड़ी किया था। दूसरे 11 जून की सुबह 5 बजे देखा तो वहां पर उसकी बाइक नहीं थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

#### जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को उपेंद्र यादव वार्ड नं 07 कर्रापारा बागबाहरा ने बताया 14 जून को सुबह करीबन 7 बजे डोकरपाली के बहराभाठा गया था। उसी समय प्रवीण छाबड़ा डोकरपाली के बहराभाठा के पास आया और उसका रास्ता रोककर पूछने लगा कि तुम अवैध शराब बेचते हो, किसके लिये बेचते हो मुझे बताओ। तब प्रार्थी ने कहा कि शराब नहीं बेचता हूं। तब आरोपी प्रवीण छाबड़ा गाली गलौज कहने लगा कि सही-सही बता दो वरना मेरी गाडी बुंदेली रोड तेंदूकोना के पास खड़ी है जिसमें मैं पिस्तौल रखा हूं। नहीं बताओगे तो मैं तुम्हे जान से मार दूंगा कहकर धमकी देने लगा। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 127(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## कांग्रेस ने ईडी को बताया भाजपा की कठपुतली, चौराहे पर फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ईडी को भाजपा सरकार के हाथों की कठपुतली बताते हुए कांग्रेसियों ने शनिवार को कांग्रेस भवन के सामने प्रवर्तन निदेशालय का पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने पहले पुतले पर पेट्रोल छिड़का फिर आग के हवाले कर दिया। आग लगने के बाद पुलिस ने इसे पानी से बुझाने का प्रयास किया लेकिन, कांग्रेसियों की घेराबंदी पुलिस नहीं तोड़ पाई। इस बीच कांग्रेसी ईडी के पुतले पर लात जड़ते रहे।

कांग्रेसजनों ने बताया कि भाजपा सरकार के हाथों में कठपुतली की तरह नाचने वाली प्रवर्तन निदेशालय ईडी अब विपक्षी पार्टी के कार्यालय में हमला करना आरंभ कर दिया है राजनीति की शुचिता भाजपा शासन काल में इतनी गिर गई है कि कांग्रेस के भवन पर भी बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। बात राजनीति से निकलकर आपसी दुश्मनी सी लगने लगी है। जिस प्रकार प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा जिला मुख्यालय सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किए जाने की हरकत किया गया है यह सिर्फ भाजपा सरकार के इशारों पर ही संभव है।

पुतला दहन प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर रश्मि चंद्राकर, विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक व संसदीय सचिव महासमुंद ने किया। इस दौरान खिलावन बघेल, ढ़ेलू निषाद, निखिलकांत साहू, अमन चंद्राकर, हीरा बंजारे, सूरज नायक, देवेंद्र चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, भरत ठाकुर अधिवक्ता, सुनील चंद्राकर, तुलसी साहू, हर्षित चंद्राकर, मेहुल सूचक, देवेश शर्मा, तबरेज खान, मनोहर ठाकुर, नितेंद्र बैनर्जी, दशोद ध्रुव, सोनम रामटेके, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, आकाश निषाद, सन्नी महानंद, राजू बुंदेला, रवि ध्रुव, टोमन सिंग कागजी, गोपीचंद तारक, कैलाश बघेल, भानू सोनी मौजूद रहे।

### आग लगाकर जड़े लात, पुलिस नहीं तोड़ पाई कांग्रेसियों का घेरा



#### प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशन में किया प्रदर्शन

कार्रवाई की विरोध में पूरे प्रदेश भर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय दीपक बैज के आह्वान पर पूरे छत्तीसगढ़ के जिला मुख्यालय में भाजपा और भाजपा द्वारा पोषित संस्था प्रवर्तन निदेशालय का पुतला दहन किया गया है। कांग्रेस कमेटी के द्वारा नेहरू चौक में प्रवर्तन निदेशालय का पुतला दहन किया।

### कार्यक्रम : मोदी सरकार के 11 साल के कार्यों की दी जानकारी

## सत्ता अब शासन नहीं सेवा का माध्यम : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- केंद्र में पीएम मोदी के कार्यकाल के 11 साल हुए पूरे, भाजपा की केंद्र सरकार को बताया- जवाबदेह सरकार

केंद्र सरकार में पीएम मोदी के 11 साल पूरे होने को लेकर बीजेपी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सेवा काल बताते हुए रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बीजेपी कार्यालय में प्रेसवार्ता ली। सांसद अग्रवाल ने प्रेस वार्ता की शुरुआत में अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे के दिवंगतों के लिए शोक जताया। प्रेसवार्ता में उन्होनें कहा कि कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल बन रहा है। हम बदले की राजनीति नहीं, बदलाव की राजनीति करते हैं।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि बीते 11 वर्षों की यह यात्रा मोदी ने अकेले नहीं, बल्कि खुद को तपा कर 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों का परवान देते हुए की है। मोदी के सरकार का कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है। 2014 से पहले भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी, लेकिन अब विकास, आविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं। पहले सरकारी योजनाओं के पैसे लोगों तक नहीं पहुंचते थे, बिचौलिए खा जाते थे, लेकिन अब डायरेक्ट बेनिफिट के माध्यम से सीधे जनता के अकाउंट में पेसे पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले इलाज के लिए सोचना पड़ता था। अब आयुष्मान भारत योजना से अस्पतालों में मुफ्त उपचार हो रहा है। पहले हम इम्पोर्ट पर आश्रित थे, अब मेक इन इंडिया की ताकत से एक्सपोर्ट में लीड कर रहे हैं। पहले हम दुनिया की अस्थिर अर्थव्यवस्था में आते थे, आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। 11 साल विकास और विश्वास और बदलाव के रहे हैं। आज देश का हर नागरिक बदलते भारत को देख रहा है।



**इनकी रही मौजूदगी**

इस दौरान प्रेस वार्ता में सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ सांसद रुपकुमारी चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, सरला कोसरिया, पूनम चंद्राकर, डॉ. विमल चोपड़ा, प्रीतम सिंह दीवान, एवं महामंत्री प्रदीप चंद्राकर मौजूद रहे।

## बीमा से राशि मांगने वाले पटवारी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

फसल बीमा के नाम पर किसानों से बीमा के 20 प्रतिशत राशि की मांग करने वाले पटवारी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा उनका स्थानांतरण किया गया है। ज्ञात हो कि विगत दिनों समाधान शिविर गेर्रा में कुछ किसानों हेमंत साहू, जितेंद्र प्रधान, विद्याधर साहू, लिंगराज बरिहा आदि के द्वारा पटवारी सागर गिरी गोस्वामी और ग्राम सेवक पैंकरा के द्वारा किसानों से फसल बीमा राशि से 20 प्रतिशत वसूली किये जाने की शिकायत की गई थी। साथ ही किसानों ने कहा था कि इस गैरकानूनी वसूली से उन्हें मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान और प्रशासनिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है।

शिविर प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए उनके द्वारा निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई थी। कलेक्टर महासमुंद ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सरायपाली को जांच के लिए सौंपा था। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सरायपाली ने ग्रामीणों से संपर्क कर प्रत्यक्ष रूप से तथ्यों की पुष्टि की। जांच में जबरन वसूली के आरोप साबित होने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटवारी का स्थानांतरण कर दिया है।

#### मारपीट के चार आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढालम में जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी तुलसी चौहान पिता स्व. मोहित राम चौहान ग्राम ढालम ने बताया कि 12 जून की रात लगभग 8 बजे आसपास खाना खाकर में घर से बाहर निकला ही था तब हमारे सभी रिश्तेदार बाबूलाल चौहान, धर्मेंद्र सिदार पिता धनीचंद सिदार, रामदास चौहान एवं इंद्रजीत चौहान ने जमीन संबंधी विवाद को लेकर उसके साथ मारपीट किया। बीच बचाव करने आए उसके बेटे प्रभात चौहान के साथ भी गाली गलौज कर मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



#### सफाई कर्मचारियों का आंदोलन आज से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में कार्यरत सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगे पूरी नहीं होने पर 15 जून से आंदोलन करेंगे। जिला सचिव मानिकलाल टंडन ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में पिछले 15 वर्षों से 43301 स्कूल सफाई कर्मचारी कार्यरत है। स्कूलों में केवल 2 घंटे साफ सफाई करना निर्धारित है परंतु अधिकांश स्कूलों में भृत्य, चपरासी नहीं होने के कारण उनके सभी काम कर्मचारियों को करना पड़ता है। काम के एवज में केवल प्रतिमाह 3000 से 3400 मानदेय भुगतान किया जाता है। जो कि इस महंगाई भरे दौर में इतने कम रुपए में अपने परिवार का पालन पोषण नहीं कर पाते हैं। संघ की मांगों को लेकर पिछले 15 वर्षों से मांग करते आ रहे हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के द्वारा घोषणा पत्र में 50% वेतन वृद्धि और संघ की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। जो कि आज पर्यंत तक मांगे पूरी नहीं होने के कारण संघ के कर्मचारियों में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। इसके चलते 2 जून को ब्लॉक मुख्यालय, 6 जून को जिला मुख्यालय और 10 जून को प्रदेश मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करके संघ के मांगों को पूरा किए जाने को लेकर ज्ञापन सौपा गया है परंतु शासन प्रशासन के द्वारा संज्ञान में नहीं लिए जाने के कारण 15 जून से प्रदेश भर के स्कूल सफाई कर्मचारी काम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहेंगे। सरगुजा संभाग के कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि 30 जून तक संघ की मांगों पर निराकरण नहीं होने पर 1 जुलाई को जशपुर स्थित मुख्यमंत्री के बगिया निवास का घेराव किया जाएगा। साथ ही बिलासपुर संभाग के कर्मचारी बिलासपुर मुख्यालय से पदयात्रा करते हुए रायपुर पहुंच कर बड़ा प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों की मांगों में पूर्ण कालीन कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान किया जाए और युक्ति युक्तकरण के तहत स्कूल सफाई कर्मचारियों का समायोजन शामिल है।

## 104 लोगों ने किया ब्लड डोनेट, हेलमेट देकर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व रक्तदाता दिवस अवसर पर एवं एडिशनल एसपी आकाश राव गिरिपुंजे के स्मृति में शांतिनाथ जैन भवन, गांधी चौक में सर्व हिंदू समाज महासमुंद द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में युवा साथियों के साथ ही दिव्यांग जन, महिलाओं एवं नगर के थाना प्रभारी टीआई शरद दुबे ने भी अपना रक्तदान किया इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए सर्व हिंदू समाज एवं उनके सहयोगी जिसमें आशीर्वाद ब्लड बैंक सेंटर, शाश्वत सेवा गुप, जैन समाज, सिख समाज, चंद्राकर समाज, स्वाध्याय भवन समिति, टैक्स बार एसोसिएशन, नववर्ष आयोजन समिति के सदस्य पिछले कई दिनों से जुटे थे। सर्वप्रथम सर्व हिंदू समाज द्वारा शहीद आकाश राव को श्रद्धा सुमन अर्पित कर 2 मिनट का मौन धारण करने के बाद ब्लड डोनेट करना प्रारंभ किया गया जिसमें सर्वप्रथम बैंक से रिटायरमेंट से लक्ष्मीनाथ पाणिग्रही ने एवं सबसे अंत में साधना ठाकुर ने ब्लड डोनेट किया। इस प्रकार कुल 180 लोगों का रक्त प्रशिक्षण किया गया जिसमें से 104 यूनिट ब्लड लोगों ने डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक रक्तदाता को एक हेलमेट सम्मान स्वरूप सर्व हिंदू समाज महासमुंद द्वारा प्रदान किया गया।




#### रक्तदाता दिवस मनाया गया

जिला चिकित्सालय में रक्तदाता दिवस मनाया गया। रक्तदान के अलावा रक्तदाता सम्मान समारोह का भी आयोजन हुआ। जिसमें 50 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। समारोह में 10 वर्षों से सेवा कार्य में लगे हुए संस्था मां महामाया रक्तदाता सेवार्थ समिति महासमुंद, बालाजी कृष्ण गोपाल सेवा समिति महासमुंद और मां चंडी रक्तदाता सेवार्थ समिति बागबाहरा को सम्मानित किया गया। संस्था के सदस्य रवि साहू, गुलाब ठाकुर, हर्ष कुंजाम, राहुल साहू, ओमप्रकाश साहू, संतोष सेन, सूरज ठाकुर, शंकर पांडे, इंद्रजीत सोनवानी, हर्ष पटेल उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष रवि साहू, गुलाब ठाकुर और संतोष सेन ने लोगों से रक्तदान के लिए फैली भ्रांतियां को दूर करने के लिए अपील की। इनमें रक्त कोषालय के स्टाफ सुनील साहू, भागवत चंद्राकर, खिलेश चंद्राकर, मुन्ना लाल चक्रधारी, तेजप्रताप धीवर, देव कुमार, मोनिका, त्रिलोका ठाकुर, गोपाल बारीक, कुसुम साहू उपस्थित रहे।

### जिले में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा महासमुंद, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं उपाध्यक्ष भूपेंद्र राठौर, चेयरमैन संदीप दीवान तथा कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा के मार्गदर्शन में एवं जिला संगठक डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी तथा मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. रेणुका गहने के नेतृत्व में 14 जून को जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर रेडक्रॉस प्रभारी एचआर वर्मा, अजय राजा, वालंटियर्स एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस प्रबंध समिति एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, प्रेम नारायण चंद्राकर, अभिषेक पांडेय (सदस्य), आकाश पांडेय (सदस्य) एवं मनीष शर्मा विभागाध्यक्ष शशिकला कोशाम, सहित कई गणमान्य अतिथियों की सक्रिय उपस्थिति एवं सहयोग रहा। मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. रेणुका गहने ने अपने संबोधन में कहा, ₹ब्लड बैंक में यांत्रिक संसाधनों एवं मशीनरी में शीघ्र ही वृद्धि की जाएगी, जिससे रक्त संग्रहण की प्रक्रिया और भी सुलभ एवं प्रभावी होगी। रेडक्रॉस चेयरमैन संदीप दीवान ने प्रेरणास्पद संदेश देते हुए कहा, रक्तदाता ही असली जीवनदाता होते हैं मैं सभी युवाओं से अपील करता हूँ कि नियमित रूप से रक्तदान करें और जरूरतमंदों के लिए जीवनरक्षक बनें। प्रबंध समिति सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष एतराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि, महासमुंद जिले में रक्तदाताओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, जो कि आमजन में जागरूकता का प्रमाण है। इस अवसर पर जिला संगठक एवं राज्य प्रबंध समिति सदस्य डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने कहा मेडिकल कॉलेज सहित महासमुंद जिले के समस्त महाविद्यालयों से रेडक्रॉस के वालिंटियर्स ने कार्यों में अधिक संख्या में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाकर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया है, जो अत्यंत सराहनीय है।




कार्यक्रम में डॉ. दिलजीत गुरदत्ता (ब्लड बैंक प्रभारी), खिलेश्वर चंद्राकर (मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट), सुनील साहू (ब्लड काउंसलर), एमएल चक्रधारी, भुवनेश्वर साहू (लैब सहायक), कार्यालय सहायक तेजलाल देवांगन, कुंदन थानेकर, द्वारिका प्रसाद सिन्हा सहित मां महामाया रक्तदान समिति महासमुंद एवं संतोष कुमार सेन मां चंडी रक्तदान समिति बागबाहरा अन्य अधिकारीगण एवं यूथ रेडक्रॉस वालंटियर्स प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस आयोजन ने रक्तदान के महत्व को उजागर करते हुए युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों को प्रेरित किया और रक्तदान के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।




**खबर संक्षेप**



## लाफिन कला में मारपीट अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** लाफिन कला में मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी भूपेंद्र साहू ने बताया कि 13 जून की रात आठ बजे उसे सूचना मिले की हिरामन साहू के घर के सामने बड़े पापा के लड़के बसंत साहू के साथ लक्ष्मण यादव, भरत यादव, रेखा यादव, घासु यादव मारपीट कर रहे है, जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि उसका बसंत साहू गली में लहूलुहान गिरा पड़ा था, जिसने पूछने पर बताया कि भरत यादव उसे फोन कर हिरामन साहू के घर के पास बुलाया और जब वह वहां पहुंचा तो भरत यादव और उसके भाई लक्ष्मण यादव, उसकी मां रेखा यादव, उसके पिता घासु यादव ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर प्रार्थी भरत यादव ने रिपोर्ट लिखाते हुए पुलिस को बताया कि गांव का बसंत साहू मेरे से 10000 रुपए उधारी लिया था, पैसा को मागने पर आज दे रहा हू कल दे रहा हूं कहकर टालमटोल करता है। 13 जून को वह अपने काम पर था इस दौरान बसंत साहू ने फोन कर कहा कि मुझसे पैसा मांगता है, मैं तेरा पैसा नहीं दूगा, तू कहा है बता मैं वहीं आउंगा कहकर धमकी दे रहा था, तब उसने कहा कि मैं शाम को घर आ रहा हूं। आमने सामने बात करते है। काम कर शाम करीब 7.30 बजे घर आया तो बसंत साहू मेरे घर के पास पहले से बैठा था, उसने उसे देखकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब उसकी माता रेखा यादव, पिता घासू राम यादव आये तो उन्हें भी गाली देते हुए मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने पर प्रार्थी पर भी डंडे से वार कर जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# नम्रता स्ट्राइकर्स ने जेनेसिस को हराकर एफपीएल कप पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

फाइनल मुकाबले में नम्रता स्ट्राइकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 184 का विशाल लक्ष्य दिया। नम्रता स्ट्राइकर्स के ओपनर बल्लेबाज विपीन ओर लखन ने ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए चार ओवरों में ही 64 रन बनाकर अपनी टीम की मजबूत शुरुआत प्रदान की नम्रता ने निर्धारित दस ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 183 रनों का विशाल लक्ष्य जेनेसिस को दिया। 184 रन का पीछा करने उतरी जेनेसिस की टीम की शुरुआत निराशाजनक रही शुरुआती दो ओवरों में उनके दोनों सलामी बल्लेबाज आउट हो गए और जेनेसिस की पारी लड़खड़ा गई जेनेसिस ने दस ओवरों में मात्र 110 रन ही बना पाए इस प्रकार नम्रता स्ट्राइकर्स ने 74 से फाइनल का मुकाबला जीत लिया।

फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच का खिताब शानदार पारी खेलने वाले नम्रता स्ट्राइकर्स के कप्तान लखन यादव को दिया गया। फाइनल के बाद हुए पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग अध्यक्षता अधिवक्ता संदीप साहू ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद शर्मा जिला क्रिकेट संघ, निलेश तिवारी चेयरमैन स्वान यूथ क्लब, तबरेज खान मौजूद थे। अतिथिगणों द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों की पुरस्कार बांटा गया विजेता टीम नम्रता स्ट्राइकर्स को 50 हजार नगद एवं एफपीएल कल मुख्य अतिथि राशि त्रिभुवन महिलांग ने प्रदान किया उप विजेता जेनेसिस को 30 हजार नगद एवं एफपीएल कप मौजूद अतिथि संदीप साहू के हाथों प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रही टीम कृष्णा वारियर्स को दस हजार नगद एवं चौथे स्थान पर रहने वाली टीम स्वराज सुपर किंग को पांच हजार रुपए नगद राशि अतिथिगणों द्वारा प्रदान की गई। इस दौरान प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले



खिलाड़ी वैभव को एमवीपी प्लेयर चुना गया इनको 5000 नगद राशि और शील्ड प्रदान की गई। बेस्ट बेस्टमैन का खिताब चेतन बेस्ट बॉलर का खिताब आशुतोष जोशी बेस्ट फिल्डर का खिताब भूपेंद्र इमर्जिंग प्लेयर का खिताब कृष्णा पटेल को दिया गया सभी को नगद ईनाम के साथ शिल्ड अतिथिगणों के हाथों प्रदान की गई।

इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्यातिथि राशि त्रिभुवन महिलांग ने विजेता और उपविजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि आज के तनाव युक्त वातावरण में खेल एक सशक्त माध्यम है तनाव से मुक्त होने का। उन्होंने कहा कि पिछले 45 दिनों से आप सभी ने खेल भावना का परिचय देते हुए इस खेल को खेला है। यह प्रतियोगिता अपने आप में लाजवाब है इसके लिए आयोजन समिति बधाई की पात्र है। खेल में अनुशासन नियमों का बंधन हमें अनुशासित रहने की सीख देता है। इस अवसर पर संदीप साहू, विनोद शर्मा, नीलेश तिवारी, तबरेज खान, ईश्वर चंद्राकर, सतीश दीवान, पंकज साहू, उमाशंकर देवांगन, मिथुन जगत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान समस्त अंपायरों, समस्त ऑनर्स और कोर कमेटी के सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन में कोर कमेटी के चेयरमैन अजय चौहान द्वारा समस्त अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह एवं अपर भेट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सिराज बक्श ने किया आभार चेयरमैन अजय चौहान ने व्यक्त करते हुए कहा कि एफपीएल का सीजन चार 15 अप्रैल 2026 से 30 मई तक खेला। इस दौरान प्रमुख रूप से कृष्णा वारियर्स के ऑनर्स मिथुन जगत जेनेसिस के ऑनर्स सबास्टियन जेकब राइजिंग चैंपियन के ओनर सतीश दीवान महाकाल इलेवन के ओनर रिंकू महानंद आराध्य इलेवन के पंकज साहू विकास इलेवन के ओनर विकास साहू स्वराज सुपर किंग के ओनर ईश्वर चंद्राकर नम्रता स्ट्राइकर्स के ऑनर्स उमा शंकर देवांगन कोर कमेटी से जीनस जान, जीवन कोसरे, सुशील रणवी, दीपक पटेल, संतोष राम, नईम खान, इशु धीवर, निक्की रजा चौहान, सौरभ साहू, हनी चंद्राकर, बंटी चोपड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे।

# बेलसोंडा स्थित पानी फिल्टर प्लांट में कृष्ण सदाशिवराव थिटे नाम से बोर्ड लगाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेलसोंडा स्थित नगर पालिका से संचालित फिल्टर प्लांट की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नं. 22 पार्षद चंद्रशेखर बेलदार पहुंचे थे। मौके पर जल प्रभारी सीताराम चेलक प्लांट की सफाई नगर पालिका के मजदूरों से करा रहे थे। फिल्टर प्लांट में 4 मोटर 75 एचपी के लगे हुए है जिसमें एक लिकेज है उसे तत्काल सुधारने को कहा गया। पानी फिल्टर करने के सामानों का निरीक्षण किया जिसमें देखा गया कि सोडियम हाइपो क्लोराइड पहले से खत्म हो गया है चूना, एलम और ब्लीचिंग पाउडर ही है। टेक्नीशियन से कहा गया कि नगर पालिका सी.एम.ओ. को अवगत क्यों नहीं कराया गया। सोडियम हाइपोक्लोराइड की भी



पानी फिल्टर में अहम भूमिका होती है जल प्रभारी को कहा गया कि बरसात में पानी फिल्टर के लिए सभी सामग्री की ज्यादा जरूरत पड़ती है जिन सामग्रियों की कमी है उसे शीघ्र खरीदा जाए। जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो ये नगर पालिका की पहली प्राथमिकता है। फिल्टर प्लांट जब लोकार्पण हुआ था उस समय की पोताई की हुई है दीवालों को रंग रोगन एवं पोताई करायी जावे। एंट्री गेट में फिल्टर प्लांट का कोई नाम लिखा हुआ नही है जबकि श्री कृष्ण सदाशिव राव थिटे के नाम पर प्लांट का नामकरण वर्षो पहले किया जा चुका है शीघ्र ही श्री कृष्ण सदाशिव राव थिटे फिल्टर प्लांट का बोर्ड लगाने जल प्रभारी को कहा गया। इसके अलावा फिल्टर प्लांट में पेड़ पौधे लगे हुये है जो अव्यस्थित है माली लगाकर व्यवस्थित करे जिससे प्लांट की सुंदरता बढ़ेगी। क्षेत्र का एक मात्र फिल्टर प्लांट है जिसे स्कूली बच्चे देखने आये तो उन्हे अच्छा महसूस हो। इसके लिए प्लांट के खाली जगह में वृक्षारोपण भी किया जावे। पानी को टेस्ट करने के लिए आवश्यक कंप्यूटराइज उपकरण लगाना भी आवश्यक है। फिल्टर प्लांट के गोडाउन का भी निरीक्षण किया गया जिसमें हजारों की संख्या में पूर्व कार्यकाल के पार्षदों की पार्षद निधि से खरीदे डस्टबिन रखे हुये है डस्टबिन को तत्काल वितरण कराया जाए। जिससे गोडाउन भी खाली होगा और नागरिकों को भी डस्टबिन उपलब्ध हो पायेगा। बड़े डस्टबिन जिनको सार्वजनिक जगह पर लगाना है ऐसे सभी डस्टबिन का स्थल चयन कर तत्काल लगाया जाए जिससे सार्वजनिक कचरे लोग डस्टबिन में डाल पाये। केंद्र सरकार के पैसों का सदुपयोग हो पायेगा।

## गांजा तस्करी के दो आरोपी को 8-8 वर्ष का सश्रम कारावास

**सरायपाली।** नारकोटिक एक्ट के लगभग दो वर्ष पूर्व के एक मामले में विशेष न्यायाधीश एनडीपीस पंकज आलोक तिर्की के द्वारा दो आरोपियों को 8-8 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50-50 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। मिली जानकारी अनुसार थाना बसना के अपराध क्रमांक 473/2023 धारा 20 ख एनडीपीस के प्रकरण में सहायक उप निरीक्षक जयंत बारीक के द्वारा आरोपी हिरण्य ध्रुवा, अव्यक्त मिश्रा व बगीस साकेत को विगत 07 सितंबर 2023 को पलसापाली बेरियर के पास ऑटो क्रमांक ओडी 17 टी 0867 को पेट्रोलिंग के दौरान रोक कर उससे ऑटो के बीच सीट के पीछे झोले में रखा हुआ 13 किलो गांजा बरामद किया गया था। कार्रवाई उपरांत न्यायालय में उनके द्वारा अभियोग पत्र पेश किया गया। इस पर विशेष न्यायाधीश तिर्की के न्यायालय द्वारा प्रकरण में दोषी पाते हुए दो आरोपियों अव्यक्त मिश्रा और बगीस साकेत को दंडित किया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी हिरण्य ध्रुवा फरार हो जाने के कारण उसके संबंध में निर्णय स्थगित रखा गया है। उक्त जानकारी विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र कुमार शर्मा ने दी है।

# भारतीय बास्केटबॉल टीम में दिव्या का चयन

## महासमुंद की दिव्या भारतीय बास्केटबॉल टीम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंडर 16 एशिया कप एसएबीए क्वालीफायर के लिए साउथ एशिया ज़ोन की टीम का चयन किया जाना है। जिसके लिए मालदीव में एशिया कप क्वालीफायर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है जिसमें भारतीय टीम 12 से 15 जून तक मालदीप में शामिल हैं। भारतीय बास्केटबॉल बालिका टीम में छत्तीसगढ़ से जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल हैं। जिसमें राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने के साथ भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होकर इंडिया टीम में अपनी जगह बनाने में सफल रहीं। इससे पहले दिव्या ने सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

दिव्या मिनी स्टेडियम में नियमित अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शामिल होकर इंडिया टीम में जगह बनाने में सफल रहीं। नेशनल कोचिंग कैंप ऑफ इंडिया अंडर 16 वूमेन नेशनल बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिनांक 18 मई से 11 जून 2025 तक नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर चेन्नई में आयोजित किया गया था। जिसमें महासमुंद की दिव्या रंगारी का चयन इंडिया कैंप के लिए हुआ



था। नेशनल कैंप के पश्चात भारतीय बास्केटबॉल टीम में दिव्या का चयन हुआ। इससे पहले दिव्या ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम से खेलते हुए सबसे अधिक अंक बनाएं थे। छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने चैंपियनशिप में 4था स्थान हासिल किया था। दिव्या ने 48वीं सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अगस्त 2023 में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही हैं जिसमें दिव्या ने अच्छा प्रदर्शन किया था।

भारतीय बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से एक मात्र बालिका खिलाड़ी महासमुंद जिले से दिव्या का चयन होने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ के विभिन्न पदाधिकारी राजीव जैन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ, चेयरमैन विजय अग्रवाल, नरेश डाकलिया कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ, राजीव चौबे, सजी थॉमस छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ कोषाध्यक्ष, आर.एस गौर अन्तर्राष्ट्रीय कोच, जे वेणु, एन के बंछोर, परविंदर सिंह, साहीराम जाखड़, जसवंत सिंह खालसा, सरजीत चक्रवर्ती, धीरज गोयल, रवि भगत, राजेंद्र यादव, नुरेन चंद्राकर अध्यक्ष जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, गौरव चंद्राकर चेयरमैन जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, मनीष श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, बादल मक्कड़, शुभम तिवारी सचिव जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, गिरीश वाडेर, अमित मंडल, संतोष कुमार सोनी, अंजू लकडा, पूनम सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, किरण महाडीक, पिता विनोद रंगारी, सुभाष मंडल, विवेक मंडल, लालू सोनवानी, मनीष चंद्राकर, विकास सोनी, पुरन साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, आकाश सोनी, अजय सिन्हा, राहुल दास, आदित्य पटेल, योजना रंगारी, शिवम, खुशबू साहू, तारणी साहू, सौम्या, सिम्मी चंद्राकर ने शुभकामनाएं दीं।



# तेज धूप से धान बीज खराब होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

इन दिनों क्षेत्र में खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। ट्रैक्टर से धान की बुआई चल तो रही है। किंतु आषाढ़ माह लगे चार दिन हो गए हैं। मगर बारिश का पता नहीं तेज धूप, भीषण उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। कहीं मानसून की लेट लतीफी के चलते किसानी कार्य पिछड़ न जाए व खेत में बोए गए धान सप्ताह भर से अधिक हो गए है, तेज धूप के कारण धान बीज खराब न हो जाए, इसे लेकर किसान को डर सता रहा है कि कहीं दोबारा बोनी का नौबत न पड़ जाए। ज्ञात हो कि इस साल बारिश पर निर्भर किसान ज्यादातर रोपाई न रख कर बुआई करा रहे है। ट्यूबवेल वाले किसानों को रोपाई के लिए बीज डाले सप्ताह भर से अधिक हो गया है।

आषाढ़ के दूसरे पखवाड़े यानी रथयात्रा मनाने के बाद रोपाई शुरू हो जाती है इस तरह भीमसेनी एकादशी पर अधिकांश किसान खुर्रा की बुआई तो कर ली है। परंतु, बारिश के बिना अंकुरण कैसे होगा। बताया जाता है कि गिने चुने किसानों के पास ही नांगर बैल है, ज्यादातर किसान धान की बुआई ट्रैक्टर से ही करा रहे है।

# धान के अलावा दूसरे फसलों की खेती को बढ़ावा देने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रयोग समाज सेवी संस्था द्वारा ग्राम पंचायत शिकारीपाली में इंटरफेस डायलॉग कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी छायाचित्र की पूजा अर्चना कर की गई और सभी अधिकारी कर्मचारियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। डॉ. कुणाल चंद्राकर केवीके एसएमएस सॉइल साइंटिस्ट द्वारा धान की फसल के अलावा रागी मूंग उड़द, दलहन तिलहन की खेती को बढ़ावा देने, उन्होंने जानकारी दी की आज धान की खेती में पानी की आवश्यकता अत्यधिक होती है।

ग्रामीण किसानों को बताया कि 1 किलो धान के उत्पादन में तीन से चार हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है, इसलिए धान के साथ साथ हमे रागी दलहन तिलहन की फसल भी लगानी चाहिए, साथ ही किसानों को गोबर तथा गौ मूत्र से खाद तैयार कर खेती करने की जानकारी दी जिससे खर्च भी कम और उत्पादन भी अत्यधिक होगा रासायनिक खाद का उपयोग कम मात्रा में करे, रासायनिक खाद के अत्यधिक छिड़काव से मिट्टी को कठोर बना देता है, साथ ही मिट्टी का परीक्षण कराने की सलाह दी गई। इसके साथ साथ प्रकाश प्रपंच, खेतों में कीड़ों से बचाव के लिए, पीली कलर की लाइट लगाने, जिससे फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है। इसके साथ खेतों में फसल काटने के बाद जो कटी हुई भूसी बच जाती है, उसे जलाने नहीं चाहिए यह पर्यावरण को प्रदूषित करता है। मशरूम की खेती करने इत्यादि जानकारी देते हुए आधुनिक तरीके से खेती करने की सलाह किसानों को दी गई। तदपश्चात मुकुंद डडसेना आरईएओ कृषि विभाग बागबाहरा द्वारा गौ मूत्र तथा कुछ जहरीले पत्ती द्वारा कीटनाशक बनाने तथा छिड़काव करने की सलाह दी गई, जीवामृत, वेस्ट डी कंपोजर, दासपर्णी अर्क बनाने की जानकारी दी, साथ ही बीजशोधन कैसे किया जाता है यह प्रेक्टिकल करके बताया गया। इसके साथ कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषक



उन्नयन योजना इत्यादि योजनाओं के बारे में बताया गया। तत्पश्चात एसबीआई बैंक क्षेत्राधिकारी नवीन कुमार नवेंदु द्वारा केसीसी लोन, कृषि गोल्ड लोन, समूह की महिलाओं के लिए लोन संबंधित जानकारी दिया गया। उसके पश्चाद उद्यानिकी विभाग बागबाहरा से प्रणय खरे आरईएओ द्वारा फल फूल सब्जियों की खेती करने जानकारी दी गई, फूल में जैसे गुलाब, सेवंती गेंदा इनकी के में सब्सिडी की जानकारी भी दी गई। तदपश्चात महिला एवं बाल विकास बागबाहरा से सुपरवाइजर जामिनी बरिहा द्वारा बच्चों को कुपोषण से कैसे बचाना चाहिए, बच्चो को मां का दूध पिलाना चाहिए, साथ ही उचित आहार, दलिया खिलाने की सलाह दी इसके साथ ही महतारी वंदना, सुकन्या समृद्धि, नोनी सुरक्षा, मातृत्व वंदना योजनाओं की जानकारी दी गई। तदपश्चात जनसाहस संस्था से रूबीना परवीन द्वारा, पलायन करने वाले श्रमिकों से संबंधित जानकारी जैसे बंधक मजदूर तथा जिन मजदूरों की मजदूरी रोक दी जाती है, मजदूरी वापस लेने की क्या प्रक्रिया है, कहा कम्प्लेन दर्ज कराने चाहिए, सभी जानकारियां विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही श्रम विभाग से जुड़ी जानकारी, नोनी सशक्तिकरण, सियान सहायता योजना, नौनिहाल छात्रवृति योजना, भगनी प्रसूति योजना इसके साथ विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी साथ ही इन योजनाओं का लाभ लेने की जानकारी दी।

कार्यक्रम में संचालन मुकुंद डडसेना और प्रयोग समाज सेवी संस्था से जिला समन्वयक सुमन साहू ने किया।

कार्यक्रम में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत डॉ.कुनाल चंद्राकर एसएमएस सॉइल साइंटिस्ट केवीके महासमुंद, मुकुंद डडसेना आरएईओ कृषि विभाग बागबाहरा, प्रणय खरे आर ए ई ओ उद्यानिकी विभाग, एसके कुंजे एवीएफओ, जयंत प्रधान एवीएफओ, नवीन कुमार नवेंदु क्षेत्राधिकारी एसबीआई बैंक बागबाहरा दयाराम यादव फील्ड ऑफिसर, पुष्कर साहू मैसेंजर जमीनी बरिहा सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास बागबाहरा, कमलेश पटेल देना आर सेटी महासमुंद, रूबीना परवीन जन साहस संस्था, देवांतिन ठाकुर प्रयोग संस्था, शिकारीपाली ग्राम पंचायत सरपंच सुरेश कुमार बाघमारे जी, अमन अग्रवाल जी उपसरपंच, शिवचरण साहू सचिव जी, मनी राम साहू प्रभारी प्रबंधक तेंदुकोना, राम नारायण साहू शिक्षक, विद्यानंद साहू कृषक मित्र, दासोदा निषाद आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, बाबूलाल बाघमारे, खेमराज साहू पंच, सुरेखा साहू, चंद्रप्रभा साहू मितानिन, संतोष साहू, घसनीन यादव, पार्वती साहू, कुंती ध्रुव धनेश्वरी साहू सक्रिय महिला तथा ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## परिवार गया विवाह समारोह में, चोर ने किया घर साफ

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ साढ़े 11 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उनका परिवार विवाह समारोह में शामिल होने गया था, इस दौरान अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान में दबिश देकर चोरी की। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें परिवार विवाह समारोह में जा रहा था, इस दौरान एक संदिग्ध मौके पर घर के लोगों को कार में सवार होकर जाते देख रहा है। गुढ़ियारी, आंबेडकर चौक निवासी मीना रंगारी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मीना ने पुलिस को बताया है कि बुधवार दोपहर उनका परिवार एक विवाह समारोह में शामिल होने टाटीबंध, अग्रसेन भवन में गया था।

# वीरेंद्र तोमर की पत्नी के साथ दो अन्य को पुलिस ने जेल भेजा

- गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला दिल्ली की तथा दूसरा मध्यप्रदेश का रहने वाला
- पूछताछ में सहयोग नहीं करने तथा मारपीट करने के आरोप में तीनों की गिरफ्तारी की गई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवार के साथ मिलकर सामूहिक रूप से सूदखोरी का कारोबार करने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश वीरेंद्र तोमर की पत्नी को पुलिस ने एक्सटार्सन, कर्जा एक्ट तथा यू-ट्यूबर तथा उसके कैमरामैन को बंधक बनाकर मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

यू-ट्यूबर तथा उसके कैमरामैन से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने और दो अन्य को भी गिरफ्तार किया है। जिन दो अन्य को गिरफ्तार किया है, उनमें दिल्ली की एक महिला तथा मध्यप्रदेश का एक व्यक्ति शामिल है। पुलिस ने जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें वीरेंद्र की पत्नी शुभ्रा सिंह उर्फ नेहा के साथ अपने आपको करणी सेना महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष बताने वाली दिल्ली निवासी संगीता सिंह तथा वीरेंद्र तथा रोहित का मददगार मध्यप्रदेश, भोपाल निवासी प्रभंजन सिंह है। यू-ट्यूबर माना निवासी गायत्री सिंह ने तीनों के खिलाफ मारपीट करने, कैमरा तोड़ने तथा घर में बंधक बनाकर मारपीट करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई है। गायत्री ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार को वह अपने कैमरामैन के साथ वीरेंद्र के घर के बाहर शूटिंग कर रहे थे। इसी दौरान संगीता तथा प्रभंजन कार से उतरे और उनके साथ गाली-गलौज करते हुए कैमरा जमीन पर पटक दिया और मारपीट करने लगे। इस दौरान वीरेंद्र की पत्नी घर से बाहर निकली और तीनों ने मिलकर गायत्री तथा उसके कैमरामैन को जबरन घर के अंदर ले जाकर बंधक बनाकर मारपीट की।

### पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे

वीरेंद्र, रोहित तथा उनके परिवार के अन्य सदस्य के खिलाफ गिरोह बनाकर सूदखोरी करने के साथ लोगों की प्रॉपर्टी जबरन कब्जा करने, दिए गए कर्ज के बदले कई गुना ज्यादा रकम वसूलने के साथ ब्लैकमेलिंग करने के गंभीर आरोप हैं। इन मामलों में पुलिस ने वीरेंद्र तथा रोहित की पत्नी को पूछताछ करने पूर्व में बुलाया था। बावजूद इसके वीरेंद्र तथा रोहित की पत्नी ने पूछताछ में पुलिस की किसी भी तरह से मदद नहीं की। इसके कारण पुलिस ने वीरेंद्र की पत्नी को गिरफ्तार किया है। वीरेंद्र तथा रोहित तोमर के परिवार से जुड़े दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वीरेंद्र की पत्नी के पूर्व उसके भतीजे को गिरफ्तार किया है, जो वर्तमान में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है।

## खेत में मिट्टी डालने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सिनोधा में खेत में मिट्टी डालने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। मामला पटेवा थाना क्षेत्र का है। पुलिस को हरदेव बरिहा ने बताया कि 14 जून को इमरान पाशा अपने खेत में मिट्टी डलवा रहा था, जिसकी वह देखरेख कर रहा था। रात्रि करीबन 12.15 बजे गांव के रेहान खान, लक्की खान और अरशद खान आए और उससे कहा कि यह हमारी जमीन है, यह बात जानते हुए भी तू मिट्टी कैसे डलवा रहा है। तब उसने कहा कि मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है, वह इमरान पाशा के कहने पर उसके खेत की देखरेख कर रहा है। यह कहने पर आरोपियों ने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इधर दूसरे पक्ष के मोहम्मद अरशद ने पुलिस को बताया कि 14 जून की रात गांव के उसके परिवार की 50 साल से काबिज नया तालाब से लगे बुढान खेत में ट्रैक्टर एवं जेसीबी का लाईट जल रहा था व वाहन की आवाज भी आ रही थी। तब पता चला कि खेत में गांव का इमरान पाशा व उसके साथी हरदेव बरिहा हमारे काबिज खेत में मिट्टी डलवा रहे हैं, और रात करीबन 12.15 बजे इमरान पाशा और हरदेव बरिहा को मिट्टी डालने मना किया। लेकिन इमरान पाशा ने यह मेरा खेत है कहते हुए तीनों भाइयों को गाली दी। इस दौरान इमरान पाशा और हरदेव बरिहा द्वारा रेहान खान को जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों के लिए निगम क्षेत्र में लगेगा शिविर

**धमतरी।** आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन हितग्राहियों का आधार कार्ड, बैंक खाता तथा मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने के कारण पेंशन राशि का आहरण नहीं हो पा रहा है। इसके लिये नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा शहर के सभी 40 वार्डों में 14 जून से 2 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से सुबह 9.30 बजे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पहला शिविर हटकेशर एवं शीतलापारा वार्ड के लिए कला मंच नागदेव मंदिर के पास 14 जून शनिवार को एवं 15 जून को लालबगीचा, सुभाष नगर एवं विवेकानंद वार्ड के लिए हमर क्लिनिक कांटा तालाब के पास आयोजित होगा। 16 जून को सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड एवं बठेना वार्ड के लिए कला मंच के पास, 17 जून को सुंदरगंज वार्ड, औद्योगिक वार्ड के लिए पुरानी कृषि उपज मंडी तथा 18 जून को नवागांव वार्ड एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के लिए उमंग चौक हमर क्लिनिक में शिविर लगेगा।

### सीएम से शाला प्रवेशोत्सव तिथि को आगे बढ़ाने की मांग

**धमतरी।** छग राज्य अशासकीय शिक्षण संचालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में मांग की है कि नए सत्र में शाला उत्सव की तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। परंतु अभी वातावरण में बहुत गर्मी है। साथ ही छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रदत की जाने वाली निशुल्क पुस्तकें अभी तक छत्तीसगढ़ में किसी भी निजी विद्यालय को नहीं मिली हैं और अभी तक पुस्तक प्रदान करने की कोई भी तिथि निर्धारित नहीं है। चूंकि कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी एवं छठवीं में नए पाठ्यक्रम के आधार पर पुस्तकें प्रदान की जानी है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सीएम से शाला प्रवेश उत्सव की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की है।

### सिहावा के पहाड़ पर आराम रमाते दिखा तेंदुआ

**नगरी।** सिहावा पहाड़ में एक तेंदुआ को तीन दिन पहले आराम करते देखा गया। यह नजारा देखने लोगों की भीड़ लग गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी बिरगुड़ी ने बताया कि सिहावा क्षेत्र में तेंदुआ लगातार कई दिनों से विचरण कर रहा है। इससे ग्रामीणों में दहशत है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले तेंदुआ सोनामगर निवासी उत्तम साहू के घर में घुसा था। उसे कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। वन विभाग की टीम लगातार गांव में मुनादी के माध्यम से लोगों को सतर्क रहने की जानकारी दे रही है। शाम के समय घर से नहीं निकलने की हिदायत दे रही है। बच्चों को सुरक्षित रखने की बात कह रही है।

## निधन

### शकुंतला देवी साहू



**महासमुंद।** स्थानीय गंजपारा निवासी श्रीमती शकुंतला देवी साहू (76) का शनिवार शाम को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 जून को भलेसर रोड मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे श्रीराम कृष्ण हरि की माता और गणेश साहू व महेश साहू चाची थी।

### प्रकाश कौशिक



**महासमुंद।** स्थानीय इमलीभांठा निवासी प्रकाश कौशिक का शनिवार को निधन हो गया। वे राजेंद्र कुमार कौशिक के पुत्र थे।

---

### हादसा : ट्रांसफार्मर अलग से नहीं होने पर नाराजगी

# तोषगांव के मोबाइल टावर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड के ग्राम तोषगांव में मोबाईल टावर में आग लगने से टावर से जुड़ा ट्रांसफार्मर में भी ब्लास्ट हो गया। रिहायशी इलाके से लगे ट्रांसफार्मर से धुआं उठता देख पूरे गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आसपास के घरों में आग फैलने से रोका। ग्रामीणों की तत्परता से एक भीषण हादसा टल गया।

ग्रामीणों के अनुसार टावर को गांव के ही ट्रांसफार्मर से जोड़ा गया था, जिसके कारण लोड बढ़ गया और उसमें आग लग गई। वहीं जब से ट्रांसफार्मर फटा है, पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। इस हादसे को लेकर ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति भी काफी आक्रोश देखा जा रहा है। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से अभी देश उबर भी नहीं पाया है कि सरायपाली अंचल के ग्राम तोषगांव में एक भीषण हादसा किसी तरह टल गया। तोषगांव के सरपंच मोहित रीतिया व ग्रामीणों ने बताया कि यहां आइडिया एवं जिओ दोनों कंपनियों का मोबाईल टावर लगा है। इस टावर को विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर से जोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोड अधिक हो जाने के कारण ट्रांसफार्मर फट गया, जिससे पूरे गांव में धुओं फैल गया था। अचानक हुए इस घटना से पूरा गांव दहशत में आ गया और आनन-फानन में आग को घरों की ओर फैलने से रोका गया। ग्रामीणों ने बताया कि मोबाईल टावर तो लगा दिया गया है, लेकिन कंपनियों के अधिकारी या कर्मचारी कभी भी इसके निरीक्षण के लिए नहीं आते हैं। यदि नियमित जांच होती हो यह हादसा टाला जा सकता था। यहीं मोबाईल टावर के लिए अलग से ट्रांसफार्मर नहीं होने की बात पर भी ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। विद्युत विभाग को भी आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर फटने के बाद भी न तो मोबाईल कंपनी से और न ही विद्युत विभाग से कोई अधिकारी यहां पहुंचे हैं। ग्रामीणों की सक्रियता से यहाँ एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। यदि समय रहते इस पर काबू नहीं पाया जाता तो आस-पास के कई घर आग की चपेट में आ सकते थे।



---

# साय सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल : विनोद

## जिला अस्पताल में सिटी स्कैन, सोनोग्राफी मशीन, एक्सरे मशीन का मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में बनाए गए बेहतर स्वास्थ्यगत ढांचे को वर्तमान भाजपा सरकार ने महज डेढ़ साल में ही पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। आज जिले के सबसे बड़े अस्पताल सहित ब्लाकों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभावों से जूझ रहे हैं। कांग्रेस शासन काल में मैंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से निवेदन कर जिला अस्पताल में विभिन्न सुविधाएं शुरू करवाया था। जिसमें प्रमुख रूप से डायलिसिस सेंटर, कीमोथेरेपी सेंटर, शहर के 5 स्थानों पर शहरी स्वास्थ्य क्लीनिक सहित आवश्यक जांच उपकरण की व्यवस्था की 5 साल कमी नहीं होने दिया। तुमगांव में पोस्टमार्टम सेंटर भी क्षेत्र के नागरिकों की परेशानियों को देखते हुए हमने शुरू करवाया था। लेकिन, वर्तमान में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। महासमुंद जिला अस्पताल में सिटी स्कैन, एक्सरे, सोनोग्राफी, लैब टेस्ट के लिए मरीजों को परेशान किया जा रहा है। सरकार के प्रशासनिक निरंकुशता व लचर व्यवस्था से अधिकारी कर्मचारी मनमानी पर उतारू हो गए हैं।

श्री चंद्राकर ने कहा कि जिला अस्पताल के कर्मचारियों की मनमानी दो दिन पूर्व ही सामने आया है, जब खरियार रोड की एक महिला जांच रिपोर्ट लेने पहुंची। महिला को यह कहकर लौटा दिया गया कि वह दो माह बाद रिपोर्ट लेने पहुंच रही है। जबकि, नियमतः भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों के तहत मरीज को अपने मेडिकल रिकॉर्ड की प्रतियां प्राप्त करने का अधिकार है। मरीजों की मांग पर अस्पताल प्रबंधन को सहायक दस्तावेजों के साथ परिशिष्ट 3 के अनुसार, उन्हें रिकार्ड प्रदान करना होता है। अस्पतालों को 3 से 5 साल तक रिकार्ड सुरक्षित रहना होता है। यह मरीजों का अधिकार है। घर में शोक के माहौल होने के कारण महिला को रिपोर्ट लेने में केवल 2 माह का विलंब हुआ था, जिसे यह कहकर बाहर निकाल दिया गया, कि हम 2 माह का रिकार्ड नहीं रखते।

महासमुंद जिला अस्पताल में आसपास के 4-5 जिलों के मरीज तथा समीपवर्ती राज्य ओड़िशा से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। यदि, कर्मचारियों का रवैया इसी प्रकार रहा तो इस अस्पताल से मरीजों का मोह भंग होते समय नहीं लगेगा। पहले ही महासमुंद का जिला अस्पताल नर्सिंग स्टाफ, डॉक्टरों की कमी, दवाओं कमी, आवश्यक उपकरण सीटी स्कैन, सोनोग्राफी मशीन, एक्सरे मशीन की समस्याओं से परेशान हैं। यहां सोनोग्राफी पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं को 2-2 माह की तिथि दी जाती है। जिससे परेशान होकर मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। चंद्राकर ने कहा कि जिले के सबसे बड़े अस्पताल की स्थिति दयनीय हो चुकी है।

---



### नपाध्यक्ष के निर्देश पर बड़ी नालियों की हुई सफाई

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर बरसात पूर्व शहर की बड़ी नालियों की सफाई की जा रही है। आज नेहरू चौक, स्वामी चौक एवं मुख्य मार्ग की बड़ी नाली जो 15 वर्षों से सफाई के अभाव में 2 से 3 फीट तक मलबा जम गया था। जिसे हटाकर नालियों की मूल संरचना को पुनः सक्रिय किया गया। इन नालियों की सफाई होने से अब जल निकासी व्यवस्था और अधिक प्रभावशाली होगी। सफाई के दौरान नालियों के ऊपर ढाले गए स्लैब को तोड़कर जमे हुए गंदगी को बाहर निकाला गया। सफाई के दौरान पालिका अध्यक्ष स्वयं उपस्थित रहकर कर्मचारियों को निर्देश देते रहे। इस अवसर पर विभाग प्रभारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

---

# मानिकपुरी पनिका समाज ने मनाया कबीर प्राकट्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पूज्य मानिकपुरी पनिका समाज के तत्वावधान में सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस पर मानिकपुरी पनिका समाज ब्लॉक इकाई बसना के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में अध्यक्षता कर रहे सेवक दास दीवान जिलाध्यक्ष ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। सद्गुरु कबीर साहेब के बताये हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए अपने जीवन को सार्थक बनायें। पनिका समाज आदि कबीरपंथी समाज है। आधुनिकता के दौर में संस्कारों को न भूलें। खानपान, रहन सहन, आचार विचार में शुद्धता लायें। कबीर पंथ सत्य का मार्ग है। कबीर पंथ को जिसने भी अपनाया है और कबीर की वाणी, साखी शब्द को आचरण में लाया है उसका जीवन धन्य हो गया है। कलयुग में सद्गुरु कबीर साहेब कमल पुष्प पर प्रकट हुए थे, इसी तिथि को प्राकट्य दिवस मनाते आ रहे हैं। सम्मान समारोह को जगदीश दास राजन संभाग प्रभारी, शीत गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत बसना, मलिन दास ब्लॉक अध्यक्ष पनिका समाज, एचडी महंत पत्रकार ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर पधारे सभी अतिथियों, पत्रकारों का अंगवस्त्र श्रीफल से सम्मानित किया गया। शरण दास राजन ने संचालन करते हुए सामाजिक एकता पर अपने विचार रखे। समाज में आपसी भाईचारा को कायम रखते हुए समाज को संगठित कर मजबूत बनायें। गौरटेक निवासी महेश दास की सुपुत्री प्रियंका मानिकपुरी ने कबीर भजन गाकर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। प्रियंका सहित भजन मंडली की कबीर भजन पर शानदार प्रस्तुति की सराहना की गई।

बता दें कि कबीर नगर बसना से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को महंत लखन मुनि साहेब प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला ने श्वेत ध्वज दिखाकर रवाना किया। प्राकट्य दिवस पर शोभायात्रा में पनिका समाज के पदाधिकारी, स्वजातीय बंधु, आमिन माताएं, युवा साथी सैंकड़ों की संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा में कीर्तन मंडली, डीजे की धुन पर कबीर साहेब के भक्ति गीतों में थिरक रहे थे। शोभायात्रा पूरे शहर में भ्रमण करते हुए सांई नगर कबीर आश्रम पहुंची। साईं नगर के सामाजिक जनों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस पर मुख्य रूप से मलिन दास मानिकपुरी ब्लॉक अध्यक्ष, शोभी दास मानिकपुरी उपाध्यक्ष, रोहित दास सचिव, संत कुमार दास, प्रदीप दास राजन, दूरबीन दास, सोहन दास, निर्मल दास, सतीश दास, नेमी दास, गजानंद दास, अश्विनी दास, तुलसीदास ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली, आश्रित दास, सुंदर दास, गोरेलाल मानिकपुरी, वी. दास, नीर दास, महेश दास, तिलक दास, विजय दास, पत्रकार साथी आर के दास, अभय धृतलहरे, अरूण साहू के अलावा भारी संख्या में पनिका समाज



---

# महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में शोध पत्रिका का किया गया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे की गरिमामयी उपस्थिति एवं उनके द्वारा शोध पत्रिकामहिला सशक्तिकरण के विविध आयाम विशेषांक का विमोचन हुआ। यह पत्रिका रिसर्च जनरल ऑफ सोशल एंड लाइफ साइंसेस सेंटर फॉर रिसर्च स्टडीज, रीवा की मुख्य शोध पत्रिका म.प्र.सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1973 के अंतर्गत पंजीकृत है। जिसका इंपैक्ट फैक्टर 7.0 है। पत्रिका आई.एस.एस.एन.0973-3914 है।

इस अवसर पर डॉ.रीता पांडेय कला संकाय अध्यक्ष, डॉ.नीलम अग्रवाल समन्वयक नैक, डॉ.दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य उपस्थित थे। शोध पत्रिका का संपादन डॉ.मालती तिवारी शोध निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने किया। डॉ.मालती तिवारी महाविद्यालय के शोध समिति के अध्यक्ष हैं। उनके मार्गदर्शन से महाविद्यालय में शोध का कार्य अबाध गति से संचालित है। शोध पत्रिका के सह संपादक डॉ.सीमा रानी प्रधान शोध निर्देशक एवं सहायक प्राध्यापक हिंदी हैं। सलाहकार एवं परामर्श मंडल में शास महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद से डॉ.रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास, डॉ.नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ. ईपी चेलक, डॉ.सुभाष चंद्राकर सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान दुर्गा महाविद्यालय रायपुर, डॉ. महेंद्र कुमार सार्वा, सहायक प्राध्यापक इतिहास शास दूधाधारी ब. म . स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर, डॉ. बी. एन.सोनेकर, अर्थशास्त्र अध्ययन शाला, पंडित रविशंकर शुक्ल वि वि रायपुर, डॉ.सरस्वती वर्मा विभागाध्यक्ष हिंदी, शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, डॉ.वैशाली गौतम, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय देवेंद्र नगर, रायपुर, डॉ.जगदीश सत्यम, सहायक प्राध्यापक, भौतिक शास्त्र, शास. म.व.स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद हैं।

डॉ.मालती तिवारी ने बताया कि आगामी शोध पत्रिका भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयाम विषय पर जल्द प्रकाशित होगी। उसके लिए शोध पत्र 15 जुलाई तक आमंत्रित की जा रही है। शोध पत्रिका के प्रकाशन से महाविद्यालय में शोध संस्कृति की परंपरा विकसित हो रही है। इससे सहायक प्राध्यापक, शोधार्थी और छात्र लाभान्वित हो रहे हैं।

---

# शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव अडसूल आज पहुंचेंगे राजधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव अभिजीत अडसूल का कार्यक्रम दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के समस्त जिला के प्रमुख और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे जिसमे आगामी संगठन मजबूती बूथ स्तर में पहुचना का लक्ष्य रखा जाएगा।

कार्यक्रम के शेड्यूल अनुसार 15 जून को 9 बजे रात एयरपोर्ट पहुंचेंगे। सभी पदाधिकारी अपने कारों से लेने जाएंगे एयरपोर्ट से सीधे बेबीलॉन इन में आएंगे, जहां प्रमुख पदाधिकारी गण उनसे मुलाकात करेंगे। उसके पश्चात 16 जून को सुबह 10 बजे के बाद काफिले के साथ ऑडिटोरियम कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। तत्पश्चात प्रेस कांफ्रेंस और राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रमुख एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा लिया जाएगा और 11 से कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। कार्यक्रम 11 बजे से 3 बजे तक चलेगा जिसमे छत्तीसगढ़ के समस्त जिलो के जिला प्रमुख और प्रदेश स्तर के पदाधिकारि एवं शिवसैनिक मौजूद रहेंगे। वे संगठन को कैसे मजबूती प्रदान कर सकते हैं इस बारे में बारीकी से चर्चा करेंगे। इसके साथ ही बूथ स्तर में हम कैसे पहुँच सकते हैं इस विषय पर चर्चा की जाएगी। जिले से जिलाध्यक्ष सहित जिले के जिलास्तर व विधानसभा सभी पदाधिकारी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।



---

# साक्षी बढाई को मिली अंतरराष्ट्रीय शोध फेलोशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

- छात्रा ने मेहनत से क्षेत्र व समाज का नाम रोशन किया

नगर की प्रतिभावान छात्रा कुमारी साक्षी बढाई ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। वे पिता संजय बढाई एवं माता सुनीता बढाई की सुपुत्री हैं। प्रारंभिक शिक्षा पिथौरा के अंजलि विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय छिंदपाली सरायपाली से प्राप्त करने के बाद उन्होंने शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर से विज्ञान में स्नातक तथा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से बायोमेट्रिक्स विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। अपनी मेधावी प्रतिभा के चलते उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।



उच्च शिक्षा के बाद वे टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च हैदराबाद में जूनियर रिसर्च फेलो के रूप में चयनित हुईं। अपने शोध के दौरान उन्होंने आईसीएमआर-जेआरएफ 2024, टीआईएफआर जीएस 2025, सीजी सेट 2024 तथा गेट 2025 ऑल इंडिया रैंक 151 जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं उत्तीर्ण की। उन्हें सबसे बड़ी उपलब्धि तब मिली जब उन्हें मैक्स ब्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर कोलाइड्स एंड इंटरफेसेस जर्मनी एवं फ्रांस में मेरी स्लोडोव्स्का क्यूरी एक्शन फेलोशिप के अंतर्गत पीएचडी के लिए चयनित किया गया। वे यह शोध प्रसिद्ध बायोफिजिसिस्ट डॉ. रोमियाना (बुल्गारिया) के निर्देशन में करेंगी। इस उपलब्धि के लिए उन्हें 3 जून 2025 को पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा 'अचीवमेंट सर्टिफिकेट' एवं 'प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया गया। साक्षी की इस सफलता पर पूरा समाज एवं नगरवासी गौरव अनुभव कर रहे हैं। उनके नाना-नानी डॉ. आर. साहू व शजमुना देवी साहू तथा मामा लोकेश साहू, देवेंद्र साहू ने भी हर्ष जताया।

### लगा नया ट्रांसफार्मर

**महासमुंद।** सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम तोषगांव में विगत दिनों ट्रांसफार्मर जल जाने से अंधेरा छाया रहा। मुद्दा सोशल मीडिया में काफी वायरल होने के बाद विभाग द्वारा तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाया गया जिस पर ग्रामीणों ने हर्ष जताया।

---

# शिक्षा को सशक्त और सुविधाजनक बनाने सरपंच ने ली संकुल स्कूलों की बैठक

**पटपरपाली(कोमाखान)।** छत्तीसगढ़ में आगामी 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की ओर से 'मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान' की शुरुआत की जा रही है, जिसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है। इसके साथ ही सरकार की ओर से शिक्षकों और विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण करते हुए शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की प्राथमिकता से पदस्थापना की गई है, जिससे शिक्षा का अधिकार हर बच्चे तक पहुंच सके। इसी तारतम्य में 'शाला प्रवेश उत्सव' में छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक और पालकगण की सक्रिय भागीदारी के लिए आज पटपरपाली ग्राम पंचायत में सरपंच लता कमलेश टांडेय की अध्यक्षता में पटपरपाली संकुल प्रभारी राधेश्याम निराला के आतिथ्य में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत क्षेत्र पटपरपाली संकुल के प्राथमिक शाला पटपरपाली के शिक्षक फिरोज सिंह ठाकुर, माध्यमिक शाला बाम्हनडीह की प्रधान पाठिका सुलन चंद्राकर, प्राथमिक शाला चंदरपुर से शिक्षिका पूनम निषाद आंगनबाड़ी पटपरपाली, बाम्हनडीह और चंदरपुर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना साहू, गमला यादव और चंपी साहू ने क्रमशः पंचायत क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने हेतु अपनी-अपनी बातों को रखा गया और साथ ही हो रही असुविधा, मांग एवं शिकायत को भी पंचायत को अवगत कराया गया। आयोजित बैठक में सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय ने कहा कि यह किसान प्रधान क्षेत्र है जिसमे अधिकांश किसान बच्चों से किसानी काम लेने के लिए स्कूलों में छुट्टी करा देते है। जबकि राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम प्रभावशील है, तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि कक्षा 12वीं तक शाला त्याग दर को धीरे-धीरे शून्य किया जाए। इसके लिए शैक्षणिक बाधाओं को पहचानकर उन्हें दूर करने की जिम्मेदारी ना केवल शिक्षकगणों की बल्कि हम सभी की है। सरपंच लता कमलेश टांडेय ने कहा कि पंचायत के स्कूल शिक्षा क्षेत्र की अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं के विकास को पंचायत ने अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में रखा है और बेहतर शिक्षा के लिए मेरिट में आने वाले छात्र-छात्राओं को पंचायत से पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने पंचगणों से आग्रह किया कि वे शाला प्रवेश उत्सव के दौरान अपने-अपने वार्डों में व्यक्तिगत सहभागिता करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे। इस विषय पर संकुल प्रभारी राधेश्याम निराला एवं ग्राम प्रमुख शिव उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा परिकल्पना को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर परिणाममूलक कार्य करने होंगे। उन्होंने आशा जताई कि सभी जनप्रतिनिधि बिना राजनैतिक रूप से इस अभियान का नेतृत्व कर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे और पंचायत को एक शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर पंचायत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक का आभार पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन ने किया। जिसमे प्रमुख रूप से उपसरपंच चैतराम साहू, पंचगण हवंत साहू, हेमलता साहू, मुकेश गुप्ता, रामचंद्र यादव, कल्पना तिवारी, धानबाई साहू, कांतिबाई साहू, मोहन साहू, सुरित साहू, मनोज चंद्राकर, राजू तिवारी, मनोज साहू सक्रिय महिला प्रेमलता साहू, सावित्री साहू, किरण साहू, लता साहू और ऋतु साहू, भीम साहू, बालकुमार साहू आदि प्रमुख ग्राम वासी और पालकगण उपस्थित हुए।



## खबर संक्षेप



### सत्रारंभ पूर्व तैयारियों पर केंद्रित बैठक का आयोजन

**महासमुंद।** विकासखंड महासमुंद के अंतर्गत संकुल स्त्रोत केंद्र बम्हनी में शैक्षिक सत्र आरंभ होने के पूर्व एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता गैमून सिंह कागजी, प्रभारी प्राचार्य संकुल स्त्रोत केंद्र बम्हनी ने की, साथ ही संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू की मौजूदगी रही। बैठक के दौरान शाला प्रवेश पूर्व की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक विचार किया गया, जिसमें पुस्तकें स्कैनिंग, गणेश वितरण कार्यक्रम, साइकिल वितरण सहित शैक्षिक व्यवस्था सुदृढ़ बनाने संबंधी आदेश दिए गए। इस दौरान प्रधान पाठक अशोक त्रिपाठी, नम्रता यादव, चेतन सिंह दीवान, स्वाति शर्मा, केसरी चंद्राकर, कन्हैया साहू, मंजू चंद्राकर एवं सरस्वती प्रधान सहित शैक्षिक स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता किया।

### प्रसाद वितरण हुआ

**महासमुंद।** कबीर आश्रम सत्संग समिति ग्राम भोरिंग के तत्वावधान में बुधवार को संत शिरोमणी श्री सद गुरुदेव कबीर साहेब के पावन जयती, संत नरेन्द्र साहेब के पावन सानिध्य में सत्संग भजन, पूजन के साथ सुबह से शीतल पेय वितरण एवं समापन के साथ प्रसाद के रूप में खीर पूड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समीती के संयोजक -उधोलाल प्रजापति अध्यक्ष रेखराम साहू सचिव मदनलाल साहू पोस्टमास्टर सदस्यगण –विष्णु राम साहू आश्रित राम संतोष कुमार कंपराम साहू रामनारायण बेनी साहेब विश्वानाथ साहू, रामलाल साहू, आरपी कुशवाहा, संतोष मानिकपुरी, झम्मन दास मानिकपुरी, बेदन दास मानिकपुरी, उघोराम साहू, राजकुमार प्रजापति, कोमल साहू, कुन्दन प्रजापति, धनंजय प्रजापति, सुरेश मारकंडे आदि तथा बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

## निधन

### भुवन निषाद



**महासमुंद।** स्थानीय लालवानी गली निवासी 85 वर्षीय भुवन निषाद का स्वास्थ्यगत कारणों से निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर मार्ग स्थित मुक्तिधाम में शनिवार 14 जून को किया गया। वे नरेश, सुरेश, संतोष, गायत्री निषाद के पिता थे।

**कार्रवाई : नियमों के उल्लंघन के चलते लगाई गई पेनाल्टी**

# पिथौरा के 11 आधार ऑपरेटरों पर 9.83 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

- नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, ऑपरेटरों में नाराजगी

विकासखंड के 11 आधार ऑपरेटरों पर नियमों के उल्लंघन को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। इन ऑपरेटरों पर कुल 9, 83, 598 रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। यह कार्रवाई अपर कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स रायपुर के निर्देश पर की गई है।

मिली जानकारी अनुसार, जनवरी 2023 से जून 2024 के बीच आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्यों में नियमों के पालन में लापरवाही बरती गई थी। संबंधित ऑपरेटरों ने संचालनात्मक दायित्वों का निर्वहन ठीक से नहीं किया। इसी आधार पर जुर्माना किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आधार सेवाओं से जुड़े कार्यों में संहिताबद्ध मानकों का पालन अनिवार्य है। भविष्य में भी नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह



जुर्माना लगाए जाने के बाद आधार ऑपरेटरों में नाराजगी देखी जा रही है। उनका आरोप है कि बिना गलती का स्पष्ट विवरण दिए ही पेनाल्टी भेज दी गई है। जानकारी मांगने पर भी अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा, जिससे वे मानसिक तनाव में हैं।

### इन ऑपरेटरों पर लगाया गया जुर्माना

दीपक कुमार साहू 3,01, 786 रुपए, तरुण कुमार साहू 1,09,532 रुपए, अमित सिन्हा 1, 07,996 रुपए, धनंजय साहू 1,06, 357 रुपए, भवानी साहू 1,45, 552 रुपए, मनीष गजेंद्र 78,026 रुपए, अक्षय कुमार सेठ 38,026 रुपए, भुवनेश्वर नायक 42,645 रुपए, डिगेश प्रधान 25,849 रुपए, नैमिष साहू 25,235 रुपए तथा दीप्ति साहू 2,594 रुपए।

आधार ऑपरेटरों का कहना है कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बीच काम करते हैं, जहां नेटवर्क की समस्या, तकनीकी खामियां और समय-समय पर सर्वर डाउन जैसे हालात आम हैं। ऐसी स्थिति में कई बार निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार काम करना संभव नहीं हो पाता, जिसकी वजह से त्रुटियां हो सकती हैं। लेकिन प्रशासन ने बिना पूर्व सूचना या सुधार का अवसर दिए सीधे पेनाल्टी थोप दी, जो अनुचित है। कई आधार ऑपरेटरों ने यह भी कहा कि वे वर्षों से बिना किसी शिकायत के सेवा दे रहे हैं और स्थानीय नागरिकों की आधार से जुड़ी जरूरतों को समय पर पूरा कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि जुर्माने से पहले सभी पक्षों की सुनवाई की जाए और यदि कोई त्रुटि हुई है तो उसमें सुधार के लिए मौका दिया जाए। उनका कहना है कि ऐसी कठोर कार्रवाई से जमीनी स्तर के लोगों का मनोबल टूटता है।

# सत्रारंभ से पूर्व संकुल केंद्र गड़बेड़ा में बैठक हुई, दिए गए दिशा-निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ से पूर्व संकुल केंद्र गड़बेड़ा में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के समस्त प्रधान पाठकों, शिक्षकों, रसोइयों तथा सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन संकुल समन्वयक लोकनाथ सिन्हा द्वारा किया गया, जिसमें शासन से प्राप्त विभिन्न दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग, शाला प्रवेश उत्सव, गणवेश वितरण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण, जाति प्रमाण पत्र तैयार करना, छात्र-छात्राओं की आधार आईडी बनाना, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, 'मोर गांव मोर पानी' योजना के तहत वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण, यू-डाइस में प्रगति दर्ज करना तथा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर युक्तिकरण के तहत संकुल से अन्य विद्यालयों में स्थानांतरित शिक्षकों को विदाई दी गई।

बैठक में प्रधान पाठक दयाराम पटेल, सरस्वती पटेल, हितेश पटेल, बेदराम सिन्हा, नरेंद्र दीवान, हेमंत खूंटे, लक्ष्मी पटेल, संतोष साहू, घनश्याम ठाकुर, नूतन साहू, कृष्ण कुमार ठाकुर, पवन कुमार पटेल, ललिता मार्कंडेय, जितेंद्र कुमार पटेल, धरममति नायक, सरोज पटेल, विद्यावती ध्रुव सहित समस्त रसोइया एवं सफाई कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के अंत में आभार प्रदर्शन हेमंत खूंटे द्वारा किया गया।

# नई जेसीबी मशीन की महिला पार्षदों ने पूजा कर शहर के लिए किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

नगर पालिका कार्यालय परिसर में नए जेसीबी मशीन का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की उपस्थिति में महिला पार्षदों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शहर के विकास कार्यों के लिए जेसीबी को समर्पित किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि यह आधुनिक मशीन अब क्षेत्र में सफाई, निर्माण व अन्य विकास कार्यों में गति लाएगी और नागरिकों को सुविधाएं देने में सहायक सिद्ध होगी।

इस मशीन के साथ अब पालिका में चार जेसीबी मशीन उपलब्ध हो गया है। जिससे अब



किसी भी प्रकार के आवश्यक कार्य आने पर इन मशीनों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका महासमुंद क्षेत्रवासियों की सेवा और समृद्धि के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, सभापति जय देवांगन, सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, सभापति गुलशन साहू, सभापति बबलू सूरज नायक, सभापति ईश्वरी भोई, पार्षद मुस्ताक खान, पार्षद ओमिन टोमन कागज़, पार्षद राहुल आवड़े, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद सीता टोंडेकर, पार्षद धनेश्वरी सोनवानी, पार्षद बड़े मुन्ना देवार, पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, पार्षद भाऊ राम साहू, पार्षद माधुरी धनीराम यदु, पार्षद जरीना हाफिज कुरैशी, पार्षद भारती राजू चंद्राकर, प्रीति बदल मक्कड़ आदि उपस्थित थे।



### बनियातोरा में मनाया गया चावल उत्सव

**नर्रा।** मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के अतर्गत जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत परकोम के आश्रित बनियातोरा के राशन कार्ड हितग्राहियों को जून माह में तीन महीने का एकमुश्त चावल वितरण को छग शासन द्वारा चावल उत्सव के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। स्थानीय जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल उप सरपंच खिलावन यादव इत्यादि ने उचित मूल्य की दुकान में चावल उत्सव का शुभरांभ किया गया। इस दौरान दिलेश पटेल, यादराम पटेल, तुलाराम पटेल, मुलचंद पटेल, दौलत पटेल, धरम पटेल, थानु ठाकुर, थानेश्वर पटेल, सुसैन यादव यतुकाराम यादव, गोमती, रैनी पटेल, हेमो बाई तोष बाई, सुख बाई अशोक पटेल, नवीन सेन, विष्णु यादव राधेश्याम, परशोधन, लेखराम पटेल कुंज बिहारी पटेल, खूब चंद पटेल, सालिक पटेल, ईतवारू यादव समेत राशनकार्ड हितग्राही उपस्थित रहे।

### गुडरूपारा तालाब की सफाई नहीं हो रही

**महासमुंद।** शहर वार्ड नं. 18 स्थित गुडरूपारा तालाब का निरीक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नं. 18 पार्षद पति धनीराम यद्धु, पार्षद चंद्रशेखर जलक्षत्री ने किया। राठी ने बताया कि तालाब जलकुंभी से भरा हुआ है बरसात के पहले सफाई की जरूरत है। जलकुंभी के चलते लोग निस्तारी नही कर पा रहे है। हालांकि कुछ दिन पहले जेसीबी से तालाब के आस पास की सफाई हुई थी लेकिन जलकुंभी की सफाई जेसीबी से नही हो सकती इसके लिए मैनुअल सफाई की जरूरत है सफाई प्रभारी को दूरभाष पर निर्देश दिया गया कि तालाब की सफाई के लिए नगर पालिका से सफाई दस्ता भेजे तथा बरसात के पहले सफाई आवश्यक है, अगर नगर पालिका के कर्मचारियों से सफाई नही हो पाती तो ऐसी स्थिति में भावपत्र से मछुआरों से साफ कराएं। लगभग शहर के सभी तालाबों की स्थिति खराब है गंदगी से भरा हुआ है। जनता को भी जागरूक होने की जरूरत है कि तालाबों को साफ सुथरा रखे अवशिष्ट पदार्थ तालाब में न डालें। छ.ग. शासन तालाबों का संरक्षण व सौंदर्यीकरण के लिए जागरूक है शीघ्र ही सरकार बजट जारी करेगी। 16वें वित्त भी आने वाला है उससे भी शहर के तालाबों को संरक्षित किया जा सकता है।



## तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश के लिए हुआ ट्रॉयल

**बागबाहरा।** खेल एवं युवा कल्याणविभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर में नवीन सत्र में प्रवेश के लिए राज्य भर के विद्यार्थियों का ट्रायल लिया गया। जिसमें शासकीय हाई स्कूल खोपली व बाल आश्रम बिहाझर के कक्षा 10 वीं के छात्र अमर कुमार, प्रियांशु साहू, एवं टोपू ध्रुव का तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर छत्तीसगढ़ में हुआ है। तीनों छात्र आगे की पढ़ाई तथा तीरंदाजी प्रशिक्षण बहतराई आवासीय केंद्र बिलासपुर में रहकर प्राप्त करेगा। छात्रों की।



इस सफलता पर खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मनोज धृतलहरे, डीईओ महासमुंद विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंदकिशोर सिंहा, सतीश नायर, जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, एबीईओ रामता डे, प्राचार्य भोपाल बंजारा, पूर्णेंद्र चंद्राकर अधीक्षक बाल आश्रम बिहाझर, दिनेश चंद्राकर एसएमडीसी, अध्यक्ष, जयंती चंद्राकर, निरंकार चंद्राकर, रूपलाल टांडे विद्यासागर ठाकुर सरपंच खोपली, ऋषि साहू, हिरेंद्र देवांगन, सोमनाथ साहू संकुल समन्वयक प्रदीप वर्मा, प्रमिला साहू, ममता साहू, महेंद्र बंजारे, पुष्पा चंद्राकर, किशन साहू, सोहद्रा देवांगन, डिंपल वर्मा, भीमसेन चंद्राकर पूर्व समन्वयक सहित शिक्षक, शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया।



### चावल उत्सव मनाया गया

**बागबाहरा।** आदर्श ग्राम पंचायत बकमा, उचित मूल्य दुकान बकमा दुकान में चावल उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमे उपस्थित सम्माननीय-लिलेश्वर साहू (सरपंच आदर्श ग्राम पंचायत बकमा), कमल नारायण साहू (उपसरपंच) तुलाराम साहू (वार्ड पंच), कोमल पटेल (सेल्समैन) जालमसिंग पटेल, पीर खान, गणेश चक्रधारी, देवनारायणसाहू, डालेश्वर पटेल, रामलाल पटेल, नेतराम पटेल, लक्ष्मण दास, भानु चक्रधारी, जोगीराम यादव, रामाधिन बाग एवं राशन कार्डधारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास से युवक वंचित, सरपंच-सचिव ने आमसभा में बता दिया अपात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ग्राम पंचायत सरेकेल के प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही हरदीप बैष्णव ने जनपद उपाध्यक्ष एवं जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लिखित शिकायत किया है कि 21 मई को सरपंच राजकुमारी साहू एवं सचिव राकेश साहू द्वारा आम सभा बैठक कर उनका प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति को अविवाहित होने का कारण बताकर प्रस्ताव पारित कर अपात्र श्रेणी का बताया है।

हितग्राही का कहना है कि 2018 के सर्वे आवास प्लस में उनका नाम है। जिसका स्वीकृति 2025 में मिल चुकी है लेकिन पंचायत के आमसभा प्रस्ताव के कारण वह लाभान्वित होने से वंचित है। उसने कहा कि वह काफी गरीब आदमी है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण विवाह नहीं कर पा रहा हूं और रहने को घर भी नहीं है। वह 35 साल का है, इसके पहले भी भी झलप सुशासन दिवस में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से भी गुहार लगाई था। विधायक द्वारा सुशासन स्थल पर ही जनपद सीईओ वा सरपंच सचिव को निर्देश दिए थे आवास का लाभ दिया जाए लेकिन आजतक न्याय नहीं मिला।





जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने बताया कि 22 मई को वह शिकायत लेकर आया था। झलप सुशासन तिहार में अपनी पीड़ा व्यक्त की तथा 12 जून को पुनः अपनी शिकायत लेकर आया है।

आवास साखा कर्मचारी से जानकारी लेने पर प्रस्ताव विचाराधीन बताया है नियम विरुद्ध प्रस्ताव आए नामों को नहीं चढ़ाने का निर्देश किया। जबतक शिकायत की स्पष्टता न हो। इधर हितग्राही हरदीप वैष्णव आश लगाए बैठा है उनका पक्के मकान में रहने का सपना कब पूरा होगा।




**नियमों को ताक पर रख बिना मापदंड के स्कूलों का किया जा रहा मर्ज**

# ऐतिहासिक मान्यता के स्कूलों को मर्ज करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ऐतिहासिक मान्यता के स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के नाम पर अन्य स्कूलों में मर्ज किए जाने का विरोध करते हुए पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने सरकार के इस कृत्य को जनभावनाओं से खिलवाड़ बताया है। साथ ही आगामी 16 जून को प्रवेशोत्सव के दिन उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

श्री चंद्राकर ने बताया कि ग्राम खट्टी के प्राथमिक शाला का स्थापना ब्रिटिश शासन काल के दौरान सन 1899 में हुआ है। इस स्कूल में अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किया।

ग्राम के वरिष्ठ बुजुर्गों के अनुसार इस स्कूल के लिए यहां के मालगुजार डागा परिवार द्वारा भूमिदान किया था। स्कूल स्थापना के बाद खट्टी सहित क्षेत्र के 40 ग्रामों के छात्र यहां अध्ययन करने आते थे। स्कूल की ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए 1999 में इस स्कूल के शताब्दी वर्ष मानने के लिए शासन ने 50 हजार रुपए प्रदान किए थे। साथ ही इस स्कूल के ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए शासन ने इसे ऐतिहासिक धरोहर मानकर 4 लाख 95 हजार रुपए अनुदान स्वरूप प्रदान किया था। ताकि स्कूल का रखरखाव सुव्यवस्थित रूप से हो सके। ऐसे ऐतिहासिक स्कूल को किस आधार पर कन्या शाला के साथ मर्ज किया जा रहा है, इस पर प्रशासन अपनी नियत स्पष्ट करें। क्योंकि युक्तियुक्तकरण नियम के कंडिका क्रमांक 6 में स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी ऐतिहासिक, पुरातन मान्यताओं से जुड़े स्कूलों को मर्ज नहीं किया जाए।



यदि खट्टी के इस ऐतिहासिक स्कूल को शासन के आदेश पर युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज किया जा रहा है तो यह भाजपा सरकार की दोहरी चरित्र को दर्शाती है, इससे भाजपा सरकार की कथनी और करनी में फर्क स्पष्ट नजर आ रहा है। भाजपा को लोगों की आस्था, उनकी भावनाओं से कोई सरोकार नहीं। और यदि शासन के आदेशों का उल्लंघन कर प्रशासनिक अधिकारी अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की नियत से इस ऐतिहासिक स्कूल को मर्ज करने में तुली है तो इस तानाशाही पूर्ण कार्रवाई से यही सिद्ध होता है कि प्रशासन को सरकार का भय नहीं है।

सरकार का प्रशासन पर अंकुश नहीं है। अधिकारी अपना अलग शासन चला रहा है। नियमों अनदेखी कर ऐतिहासिक स्कूल को मर्ज किया गया तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। आगामी 16 जून को प्रवेशोत्सव के दिन क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के ग्रामीण तथा हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सरकार के गलत नीति, मनमानी पूर्ण कार्रवाई, तानाशाही रवैए के विरोध में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

